# कुर्थीटोला में प्राथमिक स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र का अभाव

## गांव के बच्चों ने आज तक नहीं देखा स्कूल का मुंह

### सर्व शिक्षा अभियान को मुंह चिढ़ाता नजर आ रहा वनग्राम कुर्थीटोला



**बालाघाट।** सर्व शिक्षा अभियान चलाकर शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को स्कूल पहुंचाने का दावा तो खूब किया जाता है, लेकिन जिले में एक ऐसा भी गांव है जहां के बच्चों ने आजादी के वर्षो बाद भी स्कूल का मुंह नहीं देख पाये है। ये हाल परसवा?ा जनपद की जरेरा पंचायत के अंतर्गत आने वाले आदिवासी गांव कुर्थीटोला का है, जो पहा?ियों के बीच घने जंगल में बसा है। यहां पर न तो प्राथमिक स्कूल है और ना ही आंगनबा?ी केंद्र। ऐसे में 20 आदिवासी परिवार के 14 वर्ष के कम उम्र के 12 बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं।यहां बच्चो के अभिभावको की माने तो वे लोग दो पी?ियों से यहां निवास कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनके मंजरे में प्राथमिक स्कूल व आंगनबा?ी नहीं खुल पाए हैं। जनप्रतिनिधियों तक बातें पहुंचाई जा चुकी है, लेकिन किसी ने भी इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया है। यही कारण है कि इस गांव में स्कूल व आंगनबा?ी जैसी सुविधा नसीब नहीं हो पाई है। जबकि कुर्थीटोला से लगभग 04 किलोमीटर दूर वनग्राम खारा में प्राथमिक स्कूल व आंगनबा?ी जैसी सुविधाएं है, लेकिन वहां पहुंचने जंगली रास्ते से गुजरना प?ता है। गांव व आसपास हिंसक वन्य प्राणियों का खतरा बना रहता है, इस कारण वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते हैं। ग्रामीणो की माने तो गांव में कई बार हिंसक वन्यप्राणियों का प्रवेश भी हो जाता है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को लेकर बडा सवाल है और ग्रामीण मजबूरन अपने बच्चों को शिक्षा से वंचित रख रहे है। गांव के कुछ बच्चे ऐसे भी हैं जिनके रिश्तेदार उकवा या अन्य स्कूल वाले गांवों में रहते हैं। ऐसे बच्चे तो अपने रिश्तेदारों के यहां रहकर शिक्षा अध्ययन कर लेते है, लेकिन जिनके रिश्तेदार आसपास के गांव में नहीं हैं उनके बच्चों को अशिक्षित ही रहना प?ता है। गांव में ऐसे कई ग्रामीण हैं जिनको प्राथमिक शिक्षा तक नसीब नहीं हो पाई है।

यदि गांव के बच्चों को शिक्षा लेनी है तो उन्हें परिवार छो?ना ही प?ेग।कुथीर्टोला वन बाहुल ईलाके में बसा है। यहां तक पहुंचने के लिये ही कडी मशक्कत करनी पडती है। वही रास्ते में हिंसक वन्यप्राणियों की दहशत बनी रहती है। इस गांव के लोग किस परिस्थिति में जीवन यापन करते है, इस बात का अहसास सिर्फ वही जानते है। यहां से वनग्राम खारा की दूरी लगभग 04 किमी है, जहां प्राथमिक शाला भवन है, लेकिन वह भी अधिकांश दिनो बंद रहता है। माना जा रहा है कि जंगली क्षेत्र होने से तेंदुए, बाघ, भालू सहित अन्य वन्य प्राणियों का डर होने के चलते यहां पदस्थ शिक्षक-शिक्षिकायें समय पर स्कूल नही पहुंच पाते। यही वजह है कि कुर्थीटोला के लोग अपने बच्चो को स्कूल भेजना मुनासिब नही समझते। कुर्थीटोला की जरेरा पंचायत जाना है तो उकवा होकर 75 किलोमीटर की दूरी तय करके जाना प?ता है, लेकिन आदिवासियों के पास अपने बच्चों को स्कूल भेजने कोई साधन नहीं है। यही कारण है कि बच्चे शिक्षा से दूर है। इसके अलावा शासन प्रशासन की अधिकांश योजनाएं भी इस गांव तक नहीं पहुंच पाई हैं। ऐसे में विस्थापन ही इस गांव के लिये एक विकल्प होगा, ताकि यहां के लोगो को सर्वसुविधाओं का लाभ मिलेगा।



# सीएम राइज विद्यालय आमगांव में समर कैंप का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** सीएम राईज विद्यालय आमगांव में 26 अप्रैल से 5 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को समर कैंप के प्रथम दिवस सामूहिक लोकनृत्य का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा तीसरी से पांचवी, कक्षा छटवीं से आठवीं तथा कक्षा नवमीं से बारहवीं के बच्चों ने भाग लिया व अपनी आकर्षक प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री डीएस वाडिवे, शाला के सभी शिक्षक, शिक्षिकाए तथा छात्र छात्रा उपस्थित रहें।

# ग्रीष्मकालीन फसलों मूंग व उड़द की देखभाल करना आवश्यक

**बालाघाट।** कृषि विकास उपसंचालक राजेश कुमार खोबराग? नें ग्रीष्मकालीन फसलों द्वारा मूंग व उ?द फसल एवं सामान्य फसल की देखभाल करने तथा फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ ही फसल को रोगमुक्त रखने के लिये परामर्श दिया गया है। उन्होंने कृषकों से कहा कि वे ग्रीष्मकालीन मूंग व उ?द फसल में उचित समय पर सिचांई करें। फसल की अच्छी वृद्धि एंव विकास के लिये 3 से 4 सिंचाई आवश्यक हैं। अनावश्यक रूप से सिंचाई करने पर पौधों की वानस्पतिक वृद्धि ज्यादा हो जाती है, जिसका उपज पर प्रतिकूल प्रभाव प?ता है। अब सिंचाई आवश्यकतानुसार व हल्की करें जिससे नमी बनी रहे तथा ब?ते तापक्रम का फसल पर कम से कम प्रभाव प?। फसल पर रसचूसक कीट का प्रकोप दिखाई देने पर डायमिथोएट 30 प्रतिशत ईसी 2 मिली.या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल 0.2 मि.ली पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें। फसल में 20-25 दिन की अवस्था पर खुरपी या अन्य उपकरण से निराई गुडाई करें। जिससे के खरपतवार नियंत्रण हो सके व नमी बनी रहे।

# सीएम राइज विद्यालय बालाघाट में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**बालाघाट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद नवीन सत्र में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं में प्रवेश के लिये इंतजार कर रहें विद्यार्थियों के लिए सीएम राइज शास वीरांगना रानी दुर्गावती उमावि बालाघाट में 24 अप्रैल से प्रवेश फार्म वितरित करना प्रारंभ किये जा चुके हैं। प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के साथ उत्तीर्ण कक्षा की इंटरनेट की अंकसूची व संबंधित छात्र की एक फोटो अनिवार्य हैं।

उन्होनें बताया कि 5 मई तक अंतिम रूप से प्रवेश फार्म वितरित किये जायेंगे। साथ ही 7 मई 2024 तक पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र लिए जायेंगे। आवेदन पत्र वितरण का समय प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक तथा आवेदन प्राप्त करने का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 1:00 तक रहेगा क चयन सूची का प्रकाशन लोकशिक्षण संचालनालय के निर्देश प्राप्त होने के उपरांत किया जायेगा।

# लापरवाह बाइक चालक को 6 माह का कारावास

**बालाघाट।** माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भूपेन्द्र सिंह, बालाघाट जिला बालाघाट ने न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 1064/2017, थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 301/2017 में आरोपी अतुल कुमार वरा? पिता शिवलाल वराडे, उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड नं.13 सुभाष नगर जिला बालाघाट को धारा 304ए भादवि में 06 माह का साधारण कारावास एवं कुल 2000रू अर्थदंड से दंडित किया गया। श्री कपिल कुमार डहेरिया, जिला लोक अभियोजन अधिकारी के मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से पैरवी सुश्री सरिता ठाकुर, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, बालाघाट द्वारा की गई। सुश्री रीता यादव, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि मृतक कन्हैयालाल भगत घटना दिनांक 04.07.2017 को बालाघाट आया था और काम से कलेक्टर कार्यालय जा रहा था कि रानी दुर्गावती चैक को क्रास करते समय वाहन मोटरसाईकिल क्रमांक एम.पी.50 एम.जे. 7784 का चालक वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये लाया और कन्हैयालाल भगत को टक्कर मार दिया। टक्कर लगने पर कन्हैयालाल गिर गया और उसे चोट आई, जिसे उसी मोटरसाईकिल से शासकीय अस्पताल बू?ी बालाघाट ईलाज हेतु लाया गया, जहां ईलाज के दौरान कन्हैयालाल की मृत्यु हो गई। पुलिस अस्पताल चौकी बालाघाट द्वारा मर्ग कायम कर जांच हेतु थाना भेजने पर थाने में मर्ग जांच कर अपराध कायम कर जांच में लिया गया। वाहन क्रमांक एम.पी.50 एम.जे. 7784 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक मोटर सायकल चलाकर मृतक को टक्कर मारने से ईलाज के दौरान मृत्यु होना पाया जाने से मोटरसाईकिल चालक के विरूद्ध प्रथम दृष्टया धारा 304ए भा.दं.सं. का अपराध पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अन्य आवश्यक अनुसंधान के पश्चात अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। माननीय न्यायालय ने विचारण उपरांत आरोपी को उपरोक्त दंड से दंडित किया।

# अवैध संबंध के शक में युवक की निर्मम हत्या



**सिवनी।** कुरई थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी दो सगे भाई हुए फरार, लोगों में फूटा आक्रोशकुरई थाना अंतर्गत पचधार में गतदिवस दो सगे भाइयों ने मिलकर एक युवक की निर्मम हत्या कर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भी भड़क गया। भीड़ इतनी उग्र हो गई कि आसपास के थानों से पुलिस का बल बुलाना पड़ा। आखिरकार लोगों को शांत कर युवक का पीएम कर शव परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं केफंदे पर लटका की सज मिला शवतहत मामला दर्ज कर लिया है।

**यह है घटना**

कुरई थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि रिड्?डी निवासी रवि उर्फ रवींद्र सेन (35) को यह शक था कि उसकी पत्नी के साथ गांव का रहने वाले अखिलेश शिवने (35) के साथ अवैध संबंध हैं। गुरुवार को अखिलेश मसाला पिसाई के लिए पचधार गया था तभी रवि और उसके भाई राजेंद (45) ने अखिलेश के साथ विवाद शुरु कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों भाइयों ने मिलकर अखिलेश को लकड़ी से पीटते हुए उसके सिर पर पत्थर पटक दिया जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**अखिरी सांस तक मारते रहे**

आरोपी रवि और राजेंद्र इतने आक्रोशित थे कि वे आखिरी सांस टूटने तक अखिलेश को मारते रहे। यह नजारा आसपास के लोगों ने भी देखा था। नेशनल हाइवे के किनारे सरेआम हुई घटना को लेकर लोगों में आक्रोश भड़क गया। दोनों आरोपी पचधार में ही सैलून की दुकान चलाते हैं। घटना को लेकर लोगों ने उनकी दुकान के अलावा आसपास की दुकानें हटाने और आरोपियों को गिरफ्तर कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करने लगे। स्थिति यह रही कि पुलिस को आसपास के थानों से बल बुलाना पड़ा। काफी समझाइश के बाद ग्रामीण माने।


## खवासा बॉर्डर में सोता रहा कर्मचारी, हॉर्न बजाता रहा वाहन चालक

**सिवनी।** मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच सिवनी जिले में खवासा में बनाए गए वाहनों की जांच के लिए टोल प्लाजा में शुक्रवार को सुबह लगभग 6 बजे वाहन चालक खासा परेशान हुआ। वाहन जब टोल गेट में प्रवेश किया जहां काफी देर तक वहां से टोल की होने वाली कटौती नहीं हो पाई और बैरियर लगा रहा।

इस मामले में वाहन चालक ने उक्त गेट में लगे कर्मचारी जो कुर्सी पर कुम्भकर्णी निद्रा में लीन थे उसका वीडियो बनाया और यह वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ। इस दौरान वाहन चालक ने काफी हॉर्न बजाया लेकिन कर्मचारी की नींद नहीं खुली। हालांकि यहां पर बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जिसमें भी सोते हुए कर्मचारी की तस्वीर कमरे में कैद हो गई है।



# करेंट लगने से भैंस मृत



**सिवनी।** कुरईग्राम आमाझिरी में ट्रांसफार्मर में लगे हुए अर्थिंग के तार के संपर्क में आ जाने से गत दिवस को भैंस की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी है.बताया गया है कि कुरई विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम आमाझिरी में मवेशी मालिक हेमराज हिंगे सुबह 9:00 बजे भैंस चराने गया था. बताया गया है कि भैंस ट्रांसफार्मर में लगे हुए अर्थिंग तार के संपर्क में गयी. तार के संपर्क में आते ही भैंस तड़प तड़प कर मर गयी. घटना की सूचना ग्रामीणों ने वितरण केंद्र कुरई को सूचना दी गई लेकिन देर तक कोई स्टाफ नहीं पहुँचा.

**इनका कहना है-**

आमाझिरि में घटित हुई घटना की जानकारी मुझे प्राप्त हुई उस समय मैं बाहर था मेरे द्वारा विभाग के कर्मचारी को मौका में भेज कर पंचनामा कार्यवाही की गई.

**- मुकेश कुमरे जे.ई. कुरई**

# श्री कपीश्वर मंदिर समिति ने जताया आभार

सिवनी

श्री कपीश्वर मन्दिर में गत दिवस श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम भक्ति उत्साह एवं आनंदपूर्वक सम्पन्न हुआ प्रातः 05:30 बजे से ही हनुमान जी के अभिषेक, हवन, भोग आरती, सुन्दर काण्ड, महाआरती पश्चात विशाल भंडारा सम्पन्न हुआ जिसमें देर रात ह?ारों श्रद्धालुओं द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण किया गया समिति द्वारा सम्पूर्ण आयोजन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी श्रद्धालुओं,जिला प्रशासन, नगर पालिका एवं सभी मीडिया कर्मियों का हृदय से आभार व्यक्त करती है जिनके सहयोग से सम्पूर्ण कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुआ।



# मौलाना शहजाद अमजदी परिवार सहित मक्का मदीना के लिए रवाना

सिवनी

छपारा-हाजीओ मुस्तफा से कह देना गम के मारे सलाम कहते हैं। बड़े मसरत की बात है की सरजमीने छपारा के ग्राम बिहिरिया निवासी अल्लामा मौलाना शहजाद अमजदी वालिद शेख रमजान कुरैशी शेख यूनुस कुरैशी शेख पप्पू कुरैशी शेख आसिफ कुरैशी शेख सज्जू खान गुलशन बी इम्तियाज बी जुबेदा बी जूही जहरा विगत दिनों छपारा से नागपुर ओर नागपुर से मक्का मदीना के लिए रवाना हुए बिहिरिया में ओर छपारा बस स्टैंड में इनके शुभचिंतकों परिवार जनों इष्ट मित्रों ने नाते रिश्तेदारों ने बड़ी आजजी और खुलूश के साथ इस्तकबाल किया ओर गले मिलकर मुबारकबाद दी मक्का मदीना की यात्रा पर उमरा यात्रा मे जाने वालो को उनकी यात्रा कामयाबी के साथ हो दुआ फरमाया ओर मक्का मदीना की यात्रा मैं जाने वाले सभी जयारिनो को मुबारकबाद बधाई और शुभकामनाएं दिया।

# कृषि उपसंचालक और कृषि वैज्ञानिकों के दल ने किया निरीक्षण, दी सलाह

## जिले में जायद की फसल का रकबा बढ़ा

सिवनी।

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि सिवनी श्री मोरिस नाथ द्वारा किये जा रहे प्रयासों से सिवनी जिले में ग्रीष्मकालीन फसलों के रकबे में बढोत्तरी हुई है। विगत वर्ष में सिवनी जिले में ग्रीष्मकालीन फसलों का रकबा लगभग 18500 हेक्टेयर था जोकि इस वर्ष 2023-24 में बढ़कर लगभग 28000 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। ग्रीष्मकालीन फसलों में मुख्यतः मूंग एंव उडद फसल का रकबा बढ़ा है। मूंग का रकबा इस वर्ष 15000 हेक्टेयर तथा उड़द का रकबा लगभग 8000 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इसके आलाव ग्रीष्मकाल में कृषकों द्वारा मक्का, मुंगफली इत्यादि फसलें भी ली जा रही है।



उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने बताया कि कृषकों के पास सिंचाई के संसाधन बढ़ने से एवं रबी की फसल शीघ्र कटने से खेत के खाली रहने पर कृषक तीसरी फसल के विकल्प के रूप में मूंग फसल को अधिक पसंद कर रहे है। मूंग एवं उड़द फसल कम अवधि की फसले होने के कारण शीघ्र पक कर तैयार होती है। उक्त फसलों को लेने से कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। विगत वर्षा से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द फसल का उपार्जन करने से भी कृषकों का रूझान मूंग एवं उड़द फसल की ओर बढ़ा है। कृषि विभाग के माध्यम से भी कृषकों को फसल प्रदर्शन हेतु मूंग का 170 क्वि. बीज का वितरण किया गया है।

**उपसंचालक कृषि एवं कृषि वैज्ञानिकों ने दी तकनीकि सलाह-** उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी डॉ. निखिल सिंह एवं सहायक संचालक कृषि श्री प्रफुल्ल घोडेसवार ने ग्राम ऐरपा, पिपरडाही का भ्रमण कर मूंग फसल की स्थिति का अवलोकन कर कृषकों को तकनीकि सलाह दी। डॉ. निखिल सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी ने कृषकों को सलाह दी कि मूंग फसल में पीला मोजेक वायरस का हल्का प्रकोप दिखाई दे रहा है इसके साथ ही पत्तीयों पर इल्लियों का प्रकोप भी दिखाई पड़ रहा है। पीला मोजेक वायरस, सफेद मक्खी से फैलता है जिसके प्रभावी नियंत्रण हेतु कृषक शुरूआत अवस्था में ही थायमेथोक्जाम एवं लेम्डासायहेलोथ्रीन कीटनाशक दवा के कॉम्बीनेशन का 100 से 150 मि.ली. प्रति एकड़ के स्प्रे करने पर कीटव्याधी से मूंग फसल को बचाया जा सकता है।

इसके साथ-साथ फसल पर एन.पी.के. 19:19:19, जल विलेय उर्वरक को फूल आने से पहले और फली बनने की अवस्था पर 5 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए जिससे उपज में वृद्धि हो सकें। उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ द्वारा कृषक भाईयो से अपील की जाती है कि वे उक्त तकनीकि सलाह का अपनाकर लाभ प्राप्त करें।